SARALA BIRLA
PUBLIC SCHOOL
(SARALA BIRLA GROUP OF SCHOOLS)

INTERNATIONAL SCHOOL AWARD 2018-21

SARALA BIRLA PUBLIC SCHOOL

Birla Knowledge City, Mahilong, Ranchi

CLASS-1, (2020-21)

Sub: HINDI

Assignment-3

रंगोली – 1

पाठ –4 , उ और ऊ की मात्रा

बच्चों आज हम स्वर वर्ण की छोटा उ और बड़ा ऊ की मात्राओं के विषय में जानकारी प्राप्त करेंगे ।बच्चों छोटा उ और बड़ा ऊ अपने मूल रूप के साथ –साथ मात्रा (ु)तथा (ू) के रूप में भी प्रयुक्त होता है। जैसे उ – जहाँ उदय में अपने मूलरूप में प्रयोग हुआ है वहीं गुलाब में मात्रा के रूप में प्रयोग हुआ है। इसी प्रकार ऊ – जहाँ ऊन में अपने मूलरूप में प्रयोग हुआ है वहीं तरबूज में मात्रा का प्रयोग स्पष्ट रूप में दिखाई दे रहा है। बच्चों यह बात याद रखने योग्य है कि र में उ तथा ऊ की मात्रा नीचे न लगकर बीच में रु एवं रू में लगती है।

छोटा उ से बने शब्द :– कुल , चुहिया , बुलबुल आदि।

छोटा उ से बने कुछ वाक्य:–

एक चुहिया थी। उसका नाम चुनमुन था।

चुहिया मुनिया की गुड़िया कुतर गई।

मुनिया बहुत गुमसुम थी। बुलबुल नई गुड़िया लाई।

मुनिया खुश हुई।

कुसुम पुल पर गई। जामुन खाया।

1) उ की मात्रा वाले शब्द :–

1. पुल
2. सुराही
3. गुलाब

4. चुनमुन
5. रुनझुन

2) वाक्य बनाएँ :–

क) सुराही – ————————————————————————————

ख) पुजारी – ———————————————————————————

ग) गुलाब – ————————————————————————————

3) प्रश्नों के उत्तर दें :–

प्र.1) चुहिया का क्या नाम था ?

उ. ——————————————————————————————

प्र.2) चुहिया क्या कुतर गई ?

उ. ——————————————————————————————